हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

13 भाकियू ने कपास पर आयात शुल्क हटाने को ...



14 भिवानी शहर में सीवरेज व्यवस्था बदहाल ...



## खबर संक्षेप

### लोहारू में युवा कांग्रेस का कार्यक्रम आज

**लोहारू।** युवा कांग्रेस बैनर तले 29 अगस्त को रामलीला मैदान के पास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस लीगल सैल के जिला चेयरमैन एडवोकेट शक्ति सिंह गाढ़ा ने बताया कि स्टॉप वोट चोरी अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे।

### राधाष्टमी महोत्सव का आयोजन 31 को होगा

**भिवानी।** शहर में भक्ति एवं अध्यात्म का माहौल तैयार हो रहा है, जहां 31 अगस्त रविवार को श्रीराधे वृंदावन धाम परिवार भिवानी द्वारा भव्य राधाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्रीराधे वृंदावन धाम परिवार भिवानी के प्रधान विनोद गोयल ने बताया कि राधाष्टमी महोत्सव का आयोजन श्रीखाकी बाबा रामचरित मानस मंदिर में होगा। कार्यक्रम 31 अगस्त को शाम 4 बजे शुरू होगा। गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में मशहूर भजन गायक किशोरीदास कनिष्क और पीयूष कौशिक अपनी मधुर आवाज में कीर्तन और भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

### उमा लहरी करेंगे श्रीश्याम का गुणगान

**लोहारू।** 30 अगस्त को श्रीश्याम सुंदर ज्योति मंडल के तत्वावधान में शहर के रामलीला मैदान परिसर में पांचवा श्रीश्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें मशहूर गायिका उमा लहरी भजनों के माध्यम से भगवान श्रीश्याम का गुणगान करेंगी। इस कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए श्रीश्याम सुंदर ज्योति मंडल के प्रधान सुभाष सैनी, मंडल सदस्य महेंद्र शर्मा, पार्षद अजय शर्मा, मुकेश सैनी, बाबूलाल बड़सीवाल आदि ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 56 भोग का प्रसाद वितरित किया जाएगा तथा दूर दराज के क्षेत्र से आने वाले भजन गायक कलाकार भजनों के माध्यम से विभिन्न देवी देवताओं की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि इस भजन संध्या में पुष्कर भारद्वाज, कृष्ण गाबा, विजेंद्र भार्गव, पंकज मेहता भजन सरिता बहाएंगे।

# पितृपक्ष की शुरुआत के दिन लगेगा चंद्रग्रहण, पितृ विसर्जन 21 को होगा

- 15 दिनों में पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान किए जाएंगे
- पितृपक्ष भाद्रपद पूर्णिमा से शुरू होकर आश्विन अमावस्या तक चलेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

अबकी बार पितृपक्ष की शुरुआत 7 सितंबर को पूर्णिमा श्राद्ध और चंद्र ग्रहण के साथ हो रही है। पितृपक्ष भाद्रपद पूर्णिमा से शुरू होकर आश्विन अमावस्या तक चलेगा। इन 15 दिनों में पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान किए जाएंगे। इस दौरान पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जाएगी। यह जानकारी देते हुए तोशाम के एकमात्र दक्षिणमुखी संकटमोचन मेहंदीपुर बालाजी दरबार के पंडित रामकिशन ने बताया कि सात सितंबर को महालया का आरंभ होगा और मातृकुल के पितरों का तर्पण किया जाएगा, 21 सितंबर को पितृ विसर्जन होगा। सात सितंबर को चंद्रग्रहण भी लगेगा। पितरों (पूर्वजों) के प्रति श्रद्धा, समर्पण व्यक्त करने का पर्व पितृपक्ष भाद्रपद पूर्णिमा तिथि से आरंभ होगा। उन्होंने बताया कि पितरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने, उनकी पूजा-आराधना और तर्पण-अर्पण के विधान सात सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा के दिन पूर्णिमा तिथि के श्राद्ध से आरंभ होगा। इस दिन मातृकुल के पितरों नाना-नानी आदि का तर्पण करने का विधान है। पितृपक्ष का विधिवत आरंभ आश्विन कृष्ण प्रतिपदा आठ सितंबर से होगा। इस दिन प्रतिपदा का श्राद्ध किया जाएगा। पंडित रामकिशन का कहना था कि सनातन संस्कृति में पितरों को समर्पित यह पक्ष 21 सितंबर आश्विन अमावस्या तक रहेगा, उसी दिन पितृ विसर्जन किया जाएगा। 22 सितंबर को आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से मां आदिशक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र आरंभ हो जाएगा। महालया का आरंभ भाद्र शुक्ल पूर्णिमा से होता है। यह आश्विन अमावस्या तक रहता है। जिस दिन पूर्णिमा उदया तिथि में होती है, उसी दिन महालया का आरंभ होता है।

### साल का अंतिम पूर्ण चन्द्र ग्रहण

पंडित रामकिशन महाराज के अनुसार इस साल पितृपक्ष की शुरुआत 7 सितंबर को पूर्णिमा तिथि से हो रही है और 21 सितंबर को सर्व पितृ अमावस्या के दिन इसका समापन होगा। इस दौरान खास बात यह है कि 7 सितंबर को ही श्राद्ध पक्ष के प्रारंभ में ही साल का अंतिम पूर्ण चन्द्र ग्रहण भी पड़ेगा। चंद्रग्रहण के कारण सूतक काल 7 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 57 मिनट से शुरू होगा और ग्रहण की समाप्ति तक मान्य रहेगा। ऐसे में पूर्णिमा श्राद्ध वाले दिन खास सावधानी रखने की जरूरत होगी।

### कब करें श्राद्ध और तर्पण

पंडित रामकिशन महाराज का कहना था कि देवी देवताओं की पूजा सुबह शाम को की जाती है, लेकिन पितरों के लिए दोपहर का समय सबसे उत्तम माना गया है। सुबह स्नान और नित्यकर्म के बाद दोपहर 12 बजे के आसपास तर्पण और अर्पण करना श्रेष्ठ होता है। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति पितरों को सम्मान और श्रद्धा से याद नहीं करता, उसकी कुंडली में पितृ दोष उत्पन्न हो सकता है। इससे जीवन में बाधाएं, रोग, वैवाहिक समस्याएं और आर्थिक संकट आ सकते हैं। इसलिए पितृ पक्ष के 15 दिन पितरों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए बेहद खास होते हैं।



**भाद्रपद पूर्णिमा छह सितंबर की आधी रात के बाद 12.57 बजे से लग जाएगी :** तोशाम के संकटमोचन मेंहदीपुर बालाजी दरबार के पंडित रामकिशन के अनुसार भाद्रपद पूर्णिमा छह सितंबर की आधी रात के बाद 12.57 बजे से लग जाएगी जो सात सितंबर की रात 11.47 बजे तक रहेगी। श्राद्ध की पूर्णिमा सात सितंबर को होगी। इसमें अपने मातृकुल के पितरों का श्राद्ध तर्पण-अर्पण किया जाएगा। इसी रात में खग्रास चंद्रग्रहण भी होगा जो पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में दृश्यमान होगा। उन्होंने बताया कि चंद्रग्रहण रात में 9 बजकर 58 मिनट से आरंभ होकर 1 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। चंद्रग्रहण का मोक्ष होते ही आश्विन कृष्ण प्रतिपदा तिथि लग जाएगी। अतः प्रतिपदा का श्राद्ध आठ सितंबर को होगा। यह पूर्ण चंद्रग्रहण भारत सहित एशिया, यूरोप, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया,न्यूजीलैंड, अमेरिका और अंटार्कटिका के कई हिस्सों में देखा जा सकेगा। भारत देश में यह संपूर्ण रूप से दिखेगा इसलिए धार्मिक दृष्टि से इसका प्रभाव महत्वपूर्ण रहेगा।

# जियो-फेंसिंग के विरोध में उतरे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी

## सीएमओ कार्यालय के बाहर किया एक दिन का उपवास, सरकार पर बरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने वीरवार को भिवानी के सिविल सर्जन कार्यालय के सामने जियो-फेंसिंग आधारित उपस्थिति दर्ज करने के आदेश के विरोध में उपवास रखा। यह विरोध प्रदर्शन स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी हरियाणा के आह्वान पर किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सभी संगठनों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। उपवास के दौरान, कर्मचारियों ने एक गेट मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने जोरदार नारेबाजी और रोष प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विभिन्न कर्मचारी संघों के नेताओं ने जियो-फेंसिंग प्रणाली के नकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव डालेगी और उनके मनोबल को गिराएगी।

गेट मीटिंग के बाद प्रदर्शनकारियों ने सिविल सर्जन के माध्यम से राज्यपाल और प्रदेश सरकार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने जियो-फेंसिंग प्रणाली को तुरंत वापस लेने की मांग की। इस मौके पर बहुउद्देशीय स्वास्थ्य एसोसिएशन की राज्य प्रधान शर्मिला एवं डा. सुमित ग्रेवाल ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य जियो फेंसिंग प्रणाली का विरोध करना था, जिसे कर्मचारी अपनी निजता का उल्लंघन और उन पर अविश्वास के रूप में देख रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि यह प्रणाली उनके काम में बाधा उत्पन्न करेगी, विशेषकर जब उन्हें ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जहां नेटवर्क की समस्या रहती है। इस अवसर पर चिकित्सक वतन वीर, आशीष सांगवान, ज्योति, आशीष तंवर, डा. दीपक सैनी, डा. पूजा, एमपीएचएस जिला प्रधान चंचल, फॉर्मसी अधिकारी अनिल झावरी, सूचना सहायक प्रवेश बामला, शिलवंती एलटी, अनिता नर्सिंग ऑफिसर, प्रियव्रत फार्मासिस्ट, जगबीर, सुमन, सरला, सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



भिवानी। जियो फेसिंग के विरोध में धरने पर बैठे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ईमानदारी और निष्ठा से करते हैं, ड्यूटी

उन्होंने कहा कि कि वे अपनी ड्यूटी ईमानदारी और निष्ठा से करते हैं, और उन्हें अपनी उपस्थिति साबित करने के लिए किसी भी तकनीकी प्रणाली की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को उन पर विश्वास करना चाहिए और उनकी समस्याओं को समझना चाहिए। साथ ही कर्मचारियों ने चेतावनी भी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती है, तो वे भविष्य में और भी बड़े आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। प्रदर्शन व उपवास के दौरान अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मचारी और चिकित्सकों ने अपनी एकता का परिचय दिया। सभी ने एक साथ मिलकर अपनी मांगों को रखा।



भिवानी। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## जॉब सुरक्षा न मिलने के कारण 3 सितम्बर को धरने का ऐलान

- धरना प्रदर्शन में शहरी व फिल्ड कर्मचारी बढ-चढ़कर भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा गवर्नमेन्ट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन रजि. नं. 41, मुख्यालय चरखी दादरी सम्बंधित हरियाणा सयुंक्त कर्मचारी संघ की शहरी व फिल्ड ब्रांच की संयुक्त मिटींग चिड़ियाघर रोड़ जिला यूनियन कार्यालय में शहरी ब्रांच प्रधान जयकिशन शर्मा व फिल्ड ब्रांच के प्रधान आनन्द श्योराण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मिटींग में विशेष रूप से जिला प्रधान सुरेन्द्र कुमार टोनी ने शिरकत की। मिटींग का संचालन शहरी ब्रांच के सचिव बिजेन्द्र परमार ने किया। यह जानकारी जिला प्रैस सचिव अमित कुमार जांगड़ा ने दी। जिला प्रधान सुरेन्द्र कुमार टोनी ने मिटींग में उपस्थित दोनों ब्रांचों से आये पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए अवगत कराया कि संगठन के प्रांतीय पदाधिकारियों की मुलाकात मुख्यमंत्री के ओएसडी विवेक कालिया, आर.के. संधु, हीना बिंदलेश से हुई थी इस दौरान संगठन 24 सूत्रीय मांग-पत्र उनके समक्ष रखा गया। ओएसडी ने इस मांग को विभागीय अधिकारियों, एसीएस व प्रमुख अभियंताओं को भेजकर समाधान करने का आश्वासन दिया था। जिसमें भवन निर्माण एवं मार्ग शाखा प्रमुख अभियंता ने लगभग मांगों का समाधान कर दिया है। लेकिन सिंचाई विभाग व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंताओं ने अभी तक किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं की है न तो कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा प्रदान की गई। इनके इस व्यवहार से प्रदेशभर के कर्मचारियों में गहरा असंतोष व आक्रोश व्याप्त है।

# नगर पालिका ने जलभराव क्षेत्र में चलाया तेल छिड़काव अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में अत्याधिक बारिश व सीवरेज के गंदे पानी के जमा होने से मच्छर-मक्खियों के कारण बीमारियों होने के भय को देखते हुए नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री, सचिव संदीप गर्ग द्वारा तेल छिड़काव अभियान चलाया।

### संयम बरतेंः सुंदर अत्री

उन्होंने नपा कार्यालय के पीछे खाली मैदान में, बिजली निगम कार्यालय के पास, हांसी चुंगी सहित अनेक स्थानों पर जमा पानी में जहां मच्छरों के होने की उम्मीद थी वहां पर छिड़काव करवाया गया। नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री, सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि प्रशासन द्वारा पंप लगाकर पानी की निकासी की जा रही है। शहर की स्थिति उनसे छिपी नहीं है। लेकिन सभी को संयम बरतने की जरूरत है। इसलिए सभी मिलकर सहयोग भी करें ताकि इस स्थिति पर काबू पाया जा सके। वहीं उन्होंने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि इस स्थिति पर जल्दी ही काबू पा लिया जाएगा।



बवानीखेड़ा। बारिश के जमा पानी में कीटनाशक दवा का छिड़काव करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# विधायक पातुवास ने गोपी सीएचसी का औचक निरीक्षण किया

- मरीजों से मुलाकात कर दवाएं, जांच उपकरण उपलब्ध कराने का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा विधायक उमेद पातुवास ने वीरवार दोपहर गांव गोपी के सीएचसी केंद्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान स्टाफ पूरा मिला, लेकिन दवाएं कम पाई गई।

उन्होंने उपचार के लिए आए मरीजों से मुलाकात कर उन्हें जल्द ही दवाएं व जांच उपकरण उपलब्ध करवाने का भरोसा दिया तथा कहा कि वह क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि के लिए विधानसभा सत्र में भी आवाज बुलंद करके आए हैं और जिला मुख्यालय पर बने अस्पताल हो या ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सा केंद्रों पर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। विधायक उमेद पातुवास दोपहर बाद गांव गोपी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जिससे वहां कार्यरत चिकित्सा स्टाफ में हड़कंप मच गया और उन्होंने पूरी सजगता बरतते हुए उनको अस्पताल की ओपीडी से लेकर अलग-अलग तरह के रोगियों के हितों के लिए उठाए जा रहे कदमों से अवगत कराया। विधायक ने सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर चेक किया तथा लगभग स्टाफ मौजूद रहने पर चिकित्सा अधिकारियों से बातचीत की, जिस पर उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर चर्चा की। मौके पर मौजूद पूर्व वाइस चेयरमैन संदीप सांगवान, सरपंच एडवोकेट कुलबीर श्योराण, भाजपा मंडल अध्यक्ष शमशेर पंचगांव आदि ने बताया कि ये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के लगभग डेढ़ लाख लोगों का इलाज संभालता था, लेकिन अब अपग्रेड नहीं होने से न जरूरी दवाएं, जांच उपचार के लिए आधुनिक टेस्ट मशीन व उपकरण उपलब्ध नहीं हैं, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सीएचसी को कम से कम 50 बेड का अस्पताल की स्वीकृति दिलवाकर यहां पर दवाएं, जांच उपचार उपकरण व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की मांग की। सीएचसी पर उपचार के लिए आए बुजुर्ग मरीजों से भी विधायक ने मुलाकात की तो उन्होंने भी उनको कई जरूरी दवाएं न होने व दादरी जिला मुख्यालय के अस्पताल या निजी मेडिकल सेंटर से दवाएं लेने को मजबूरी हैं।



भिवानी। गांव गोपी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करते विधायक उमेद पातुवास। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस दौरान एसएमओ डॉ. मनमीत सिंह नेहरा, डॉ. अभिलेख कुमार, विस्तार एजुकेटर डॉ. वीरेंद्र सिंह हुड्डा, विनय कौशिक, राजबाला, रमेश सिंह रोहिल्ला, रेडियोग्राफर मंजू सांगवान आदि ने अलग -अलग सुविधाओं की जानकारी सांझा की। उनके साथ डॉ. अजय शर्मा भांडवा व देवराज शर्मा काकड़ोली आदि मौजूद रहे।

## देवसर के खेलप्रेमियों में खुशी की लहर, टोक्यो में होगा चैंपियनशिप

# नीरज चोपड़ा के साथ विश्व चैंपियनशिप में भाग लेंगे यशवीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देवसर निवासी एथलीट यशवीर सिंह ओलंपिक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने को तैयार है। यशवीर सिंह ने जैवलिन थ्रो में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है।

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो (जापान) में होगा, जिसके लिए गांव देवसर निवासी यशवीर सिंह ने क्वालीफाई किया है। यशवीर के अलावा चैंपियनशिप में ओलंपिक विजेता नीरज चोपड़ा व सचिन यादव भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यशवीर की उपलब्धि से न केवल गांव देवसर बल्कि समस्त जिला में खुशी व उत्साह का माहौल है तथा खेलप्रेमियों का कहना है कि यशवीर होनहार खिलाड़ी है तथा उन्हें पूरा विश्वास है कि चैंपियनशिप में वह गोल्ड मेडल जीतकर न केवल गांव, बल्कि देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करेगा। इस बारे में सनफ्लैग मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल के प्रशासक डॉ. राजकुमार देवसर ने बताया कि यशवीर का सफर सिर्फ उनकी मेहनत के साथ साथ उनके पिता रायसिंह के सपनों और मार्गदर्शन की भी कहानी है। यशवीर के चयन पर पवन देवसर, फतेह देवसर, सरपंच संजय देवसर, डॉ. दिनेश सनसनवाल, डॉ. विजय सनसनवाल सहित अन्य ग्रामीणों ने खुशी जताई तथा यशवीर को बधाई दी।



- पहले भी कई प्रतियोगिताओं में अपनी काबिलियत साबित कर चुके यशवीर : रायसिंह

### जून 2025 में उज़्बेकिस्तान में जीता था स्वर्ण पदक

उन्होंने बताया कि खुद एक राष्ट्रीय पदक विजेता और भाला फेंक के खिलाड़ी रायसिंह ने अपने बेटे को भी इसी खेल में पारंगत किया, वे ही यशवीर के पहले और सबसे महत्वपूर्ण कोच बने। यशवीर ने मई 2025 में एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 82.57 मीटर का भाला फेंककर अपनी श्रेष्ठता दिखाई। जून 2025 में उज़्बेकिस्तान में स्वर्ण पदक जीतकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। अब टोक्यो में 13 से 21 सितंबर तक होने वाली 20वीं विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उनकी निगाहें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों के बीच अपनी जगह बनाने पर हैं। जिला पार्षद मोनू देवसर भी यशवीर की उपलब्धि को गांव के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। यशवीर ने क्वालीफाई करने के बाद कहा कि ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ मैदान में उतरना उनके लिए गर्व का क्षण होगा। इस चैंपियनशिप के लिए उन्होंने खूब मेहनत की है तथा उन्हें पूरा विश्वास है कि वे स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

- नीलगाय आ जाने से बिगड़ गया कार का संतुलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

गुरुवार सुबह बहल से दिल्ली जा रहे युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय शर्मा (23) पुत्र जगदीश शर्मा निवासी बहल के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजय अपनी निजी कार से दिल्ली जा रहा था। नूनसर गांव के पास अचानक सड़क पर नीलगाय आ जाने से कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन लड़खड़ाते हुए पेड़ से टकरा गया।


हादसे में अजय की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कार की खिड़की तोड़कर युवक को बाहर निकाला। तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। जांच अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर लोहारू के सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि अजय अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।

बच्चो, नन्ही उम्र में भी बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है, अगर हौसले बुंदल हों तो। यह बात स्पोर्ट्स की फील्ड में भी लागू होती है। हम तुम्हें विभिन्न खेलों में बेहद कम उम्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने देश का नाम रोशन करने वाले कुछ नन्हे खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं। बच्चो, तुम इनसे प्रेरणा लो और तुम भी अपना नाम रोशन करो।

मिसाल

शिखर चंद जैन

# छोटी उम्र के बड़े खिलाड़ी




## वैभव सूर्यवंशी
### आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

**19 अप्रैल** 2025 को बिहार के वैभव सूर्यवंशी 14 वर्ष और 23 दिन की उम्र में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स टीम के लिए डेब्यू किया और इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने करियर की शुरुआत शानदार अंदाज में की। वैभव ने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड बनाया और टी-20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। वैभव ने जनवरी में बिहार की तरफ से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था और अंडर-19 टेस्ट सीरीज में शतक बनाया था। वैभव ने 12 साल और 284 दिन की उम्र में बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया था, जिससे वह सबसे कम उम्र के डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में से एक बन गए। *

## तन्वी पत्री
### बैडमिंटन में बढ़ती पहचान

**जूनियर पीवी** सिंधु के नाम से मशहूर ओडिशा की तन्वी पत्री जब स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-15 गर्ल्स एशियन चैंपियन बनीं तो हर किसी की नजर उन पर टिक गई। तन्वी ने 5 साल की उम्र से बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था।




13 साल की उम्र तक आते-आते वह बैडमिंटन की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा बन गईं। तन्वी ने स्टेट के साथ-साथ नेशनल-इंटरनेशनल लेवल पर कई स्पोर्ट्स इवेंट्स में भाग लिया और कई पदक अपने नाम किए हैं। तन्वी के माता-पिता रबी नारायण पत्री और शैलबाला सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वह पहले चीन में काम करते थे, यहीं तन्वी ने बैडमिंटन खेलना शुरू किया। तन्वी ने 2017 और 2020 के बीच चीन में नौ खिताब जीते थे। इसके बाद उनका परिवार कोविड-19 महामारी के कारण भारत लौट आया। 2022 में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में शामिल हो गईं। तन्वी टैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप में लड़कियों का एकल खिताब जीतने वाली ओडिशा की पहली शटलर बनीं। वह चीन के चेंगदू में चेंगदू विश्वविद्यालय में एशियाई जूनियर (यू-15 यू-17) बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला अंडर-15 एकल में स्वर्ण पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय शटलर बनीं। तन्वी का सपना है कि वह ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतें। *

## लव-कुश
### देश के सबसे नन्हे पहलवान



**मथुरा निवासी** 6 वर्षीय दो जुड़वा भाई लव-कुश को देश के सबसे छोटे पहलवानों के रूप में पहचाना जाता है, जो अपनी छोटी उम्र में इतनी शारीरिक शक्ति के लिए जाने जाते हैं। वे दोनों रोजाना कई किलोमीटर दौड़ते हैं और बड़ी संख्या में सपाटे (दंड-बैठक) मारते हैं। लव-कुश सोशल मीडिया पर काफी प्रसिद्ध हैं। लव-कुश ने 5 साल की उम्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया था, जिसमें 50 मिनट में 1000 सपाटे और 10 किलोमीटर की दौड़ शामिल थी। *

## धिनिधि देसिंघु
### लहरों से खेलने वाली लड़की



**कर्नाटक के** बेंगलुरु की रहने वाली 14 वर्षीय धिनिधि देसिंघु, एक भारतीय तैराक हैं। वैसे तो वह 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्वीमिंग में एक्सपर्ट है लेकिन इसके साथ ही वह 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में भी पार्टिसिपेट करती है। धिनिधि ने पिछले वर्ष पेरिस में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के लिए अर्हता प्राप्त की थी। वह पेरिस ओलंपिक के साथ-साथ 2022 के एशियाई खेलों में भी सबसे कम उम्र की भारतीय एथलीट भी थीं। धिनिधि ने 2018 में तैराकी को एंटरटेनिंग स्पोर्ट के रूप में शुरू किया था। लेकिन जल्द ही प्रतिस्पर्धी तैराकी को अपना लिया। वह 2023 में सुर्खियों में आईं, जब उन्होंने जूनियर और सब-जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में नेशनल रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दो और रिकॉर्ड बनाए। धिनिधि ने गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में सात स्वर्ण पदक जीते और दोहा में हुई विश्व चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया। 2024 में धिनिधि ने कर्नाटक मिनी ओलंपिक, कर्नाटक जूनियर और सब-जूनियर एक्वेटिक चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता। *

# क्यों जरूरी है खेलना

जरूरी बात

मोनिका शर्मा



**खे**लना, हर बच्चे को खूब भाता है। स्कूल का ग्राउंड हो या घर का आंगन या फिर गली-मोहल्ला, यहां अपने फ्रेंड्स के साथ खेलते हुए सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। खेलते समय ही नए दोस्त भी बनते हैं। अपनी टीम बनाने और जीतने के ट्रिक्स सीखने का मौका भी मिलता है। मेहनत से जीत पाने का आत्मविश्वास और जज्बा भी आता है। एक्टिव और फिट रहने में मदद मिलती है। शरीर ही नहीं, मन ऊर्जा से भर जाता है। ऐसी बहुत सी प्यारी और जीवन से जुड़ी जरूरी बातों को सीखने के लिए खेलना बहुत जरूरी है।

**छोड़ो स्क्रीन गेम:** बच्चो, यह चिंता की बात है कि तुम सबका धमा-चौकड़ी मचाते, भागते-दौड़ते हुए खेलना अब कम होता जा रहा है। असल में स्मार्ट गैजेट्स तुम्हारा खेलने का समय चुरा रहे हैं। तुम सब स्क्रीन के मैदान में ही खेलने लगे हो। कभी कुछ कंटेंट देखते रहते हो या कोई वीडियो गेम खेलते हो। यह सही नहीं है। बच्चो, स्क्रीन के गेम छोड़कर घर से बाहर निकलना और अपनी रुचि का कोई खेल खेलना जरूरी है। स्क्रीन वाले गेम्स तुम्हारी आईसाइट कमजोर करते हैं। दिमाग को थकाते हैं। शरीर का पॉश्चर बिगाड़ते हैं। वहीं दूसरी ओर बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे मैदान में खेलने वाले गेम्स दिमाग के साथ शरीर को एक्टिव और ऊर्जावान रखते हैं। घर के अंदर खेले जाने वाले शतरंज, कैरम और लूडो जैसे गेम्स सोचने-समझने की शक्ति बढ़ाते हैं।



**खेलो नए पुराने खेल:** बच्चो, कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू, रस्सी कूद, गिल्ली डंडा, रुमाल झपट, लट्टू और कंचा जैसे कई मजेदार खेलों को अब लोग भूल रहे हैं। ऐसे ट्रेडिशनल खेल शरीर और दिमाग दोनों को एक्टिव बनाने वाले हैं। बच्चो, इन खेलों को तुम मम्मी-पापा या दादू-दादी के साथ भी खेल सकते हो। तुम्हारे साथ में उनको भी बहुत खुशी मिलेगी। इससे फिटनेस, फोकस और सक्रियता जैसी सौगातें तो हिस्से आएंगी ही, अपनों का प्यार भी मिलेगा। उनके साथ मस्ती भरा समय बीतेगा। परिवार के बड़े मेंबर्स के साथ उनके बचपन से जुड़े खेल खेलते हुए टाइम बिताना फैमिली बॉन्डिंग को मजबूत करेगा।

**खेलने से अनगिनत फायदे:** बच्चो, खेल खेलने से अनगिनत फायदे होते हैं। नियमित खेलने की आदत बनते ही तुम्हें अपने आप में कई पॉजिटिव बदलाव दिखने लगेंगे। आउटडोर हो या इंडोर, अपनी रुचि का खेल खेलने से तुम परिस्थितियों से लड़ना सीखोगे। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ेगा। टीम स्पिरिट बढ़ेगी। हार-जीत से दूर मेहनत करते रहने की सोच को बल मिलेगा। यह बात पढ़ाई में भी बेहतर परफॉर्म करने में मदद करने वाली है। असल में खेल दिमाग को सक्रिय रखते हैं। इसलिए कुछ नया सीखने में भी आसानी रहती है। तुम्हारे डेली रुटीन में डिसीप्लीन आ जाएगी। इमोशनली भी किसी बात से परेशान होने के बजाय खेल हर इंसान को धैर्य और समझ के साथ जीवन के मैदान में डटे रहना सिखाते हैं। जिंदगी के हर फ्रंट की बेहतरी खेलों से जुड़ी है। बच्चो, इन बातों को जानकर तो तुम समझ ही गए होगे कि क्यों जरूरी है खेलना? *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# जुगनू जैसी चमकती कहानियां

**ब**च्चो, हाल में ही बाल कथाओं की एक किताब आई है, जिसका नाम है- चमकते जुगनू। इसमें बड़ी मजेदार और कुछ अलग मिजाज की 10 कहानियां हैं। हालांकि पुस्तक के शीर्षक वाली कहानी छठे क्रम में आती है, लेकिन यहां तक पहुंचते तुम्हें देर नहीं लगेगी। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हें बोरियत महसूस नहीं होगी और न ही ऐसा लगेगा कि जबर्दस्ती कोई तुमको सीख दे रहा है या पाठ पढ़ा रहा है। इन कहानियों में हर कैरेक्टर की अपनी अलग भाषा है। हर कहानी में एक ताजगी है, उत्सुकता जगाती है। तुम पहले से अंदाजा नहीं लगा पाओगे कि आगे क्या होगा? पहली कहानी 'दादाजी का दर्द' एक सबक है एक बच्ची का, उन बड़ों को, जो मोबाइल की बुराई करने से पीछे नहीं हटते। इसी तरह 'गंदा काम-अच्छा काम' कहानी एक प्यार भरी थपकी से कितनी बढ़िया बात कह जाती है। 'चमकते जुगनू' कहानी में जुगनू नाम का बच्चा, असली जुगनुओं की तलाश में निकल पड़ता है। कहानी पर्यावरण का महत्व बताती है। दीपावली, ईद, नए साल और अप्रैल फूल जैसे विषयों पर भी बहुत रोचक कहानियां तुम इस किताब में पढ़ सकते हो। *




**किताब:** चमकते जुगनू (कहानी संग्रह), **लेखक:** विज्ञान भूषण
**मूल्य:** 149 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

बूझो तो जानें / डॉ. राकेश चक्र

1. **कुछ होते** हैं घर के अंदर कुछ होते मैदान में।
शक्ति बढ़ती तन और मन की नाम बताओ कान में।।
2. **न ही** लू है गर्मी वाली न ही वह घर का डोर
चार हैं खाने सोलह गोटियां चार ही बच्चे न हों बोर।।
3. **चार भुजाएं** रहें बराबर चार गोल कोनों पर छेद।
एक स्ट्राइकर, उन्नीस गोटियां लाल, काली और सफेद।।

उत्तर: 1.खेल, 2.लूडो, 3.कैरम

# जीके क्विज-168

1. जुलाई-2025 का आइसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ किस क्रिकेटर को चुना गया?
2. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' उपनाम से जाना जाता है?
3. ओलंपिक में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक किसने जीता था?
4. मनिका बत्रा का संबंध किस खेल से है?
5. खेलों से संबंधित द्रोणाचार्य पुरस्कार किसे प्रदान किया जाता है?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. फुटबॉल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
8. डेविस कप किस खेल से संबंधित है?
9. 'एलबीडब्ल्यू' टर्म किस खेल से संबंधित है?
10. भारत में खेलों से संबंधित कौन सा सबसे बड़ा पुरस्कार दिया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-168 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-167 का उत्तर :** 1.रोहित कृष्ण, 2.सोडियम और क्लोराइड, 3.मनिका विश्वकर्मा, 4.मेजर ध्यानचंद, 5.मुंबई, 6.बारिश या तूफान का संकेत, 7.यमुना, 8.ब्राजील, 9.नाइट्रोजन, 10.यूएसए और कनाडा

**जीके क्विज-167 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, नैतिक-मानपुर, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, आदित्य-रोहतक, कुसुम-भोपाल, संकेत-रायगढ़, अंकुर-बेमेतरा, रोहन-बालोद, कनिष्क-दिल्ली, सार्थक-महासमुंद

# साइकिल रेस

खेल कोई भी हो, जीत आसानी से नहीं मिलती, इसके लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। विजित कई साल से साइकिल रेस में जीत हासिल नहीं कर पा रहा था, लेकिन इस बार उसने साइकिल रेस की तैयारी बहुत जमकर की फिर जो हुआ वह जीवन के लिए एक बड़ा सबक था।





कहानी

पूनम पांडे

**बा**र-बार विजित को एक ही सपना आ रहा था। आज फिर उसने वही सपना देखा- उसने साइकिल रेस में भाग लिया है, वह जीत गया है। विजित को यह सपना उसे एक नए उत्साह से भर देता। ऐसा नहीं था कि विजित केवल सपना ही देखता था। वह मन लगाकर दिन-रात साइकिल रेस के लिए तैयारी में लगा था। विजित उन लोगों के पास भी निरंतर जाता रहता था, जिन्होंने पिछले कुछ सालों में साइकिल रेस जीती थीं। इनसे वह साइकिल रेस जीतने के लिए अच्छे टिप्स लेता। विजित इस बात को अच्छी तरह समझता था, चैंपियन बनने के लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी। विजित जिस कॉलोनी में रहता था, उस कॉलोनी में कोई न कोई किसी खेल में पारंगत था। कोई शतरंज का, कोई तैराकी का तो कोई टेनिस या कोई साइकिल रेस का चैंपियन था।

विजित को पांच-छह साल की आयु से बहुत अच्छी तरह साइकिल चलानी आ गई थी। अब वह बारह साल का था। विजित का मन उससे बार-बार यही कहता था, अगर वह मन लगाकर सही ढंग से रेस की प्रैक्टिस करेगा तो जीत जरूर हासिल होगी।

वैसे विजित पहली बार साइकिल रेस में भाग नहीं ले रहा था। वह पिछले तीन साल से रेस में भाग ले रहा था। लेकिन उसकी तैयारी इस स्तर की नहीं रहती कि वह जीत सके। विजित के मन में साइकिल रेस जीतने की प्रबल इच्छा थी। यही इच्छा उसको अतीत में हुई पराजय की शर्मिंदगी से बाहर ला सकती थी। इस बार भी विजित ने साइकिल रेसिंग कॉम्पिटिशन में अपना नाम लिखवा दिया था। अगले महीने साइकिल रेस होनी थी। विजित अपनी पढ़ाई के साथ साइकिल रेस की प्रैक्टिस में जी-जान से जुटा था। जब वह तेज गति से साइकिल के पैडल मारने की प्रैक्टिस करता तो उसके पैरों में दर्द होने लगता था। पहले भी रेस की तैयारी में उसके पैरों में दर्द हो जाया करता था, लेकिन वह किसी को बताता नहीं था। इस बार उसने यह बात अपने मम्मी-पापा से छुपाई नहीं, उनकी सलाह ली। स्कूल में खेल शिक्षक से भी बात की, उन्होंने जो सलाह दी, उस पर अमल किया। उसकी मम्मी ने भी उसे पैरों के कुछ ऐसे व्यायाम बताए, जो पैरों की नसों को मजबूत करते हैं। मम्मी ने उसको कुछ आसनों को करने की विधि बताई, जो वह नियमित करता। इन आसनों को करने से उसकी शारीरिक ही नहीं भीतरी शक्ति भी बढ़ी।

विजित ने मन ही मन यह भी सोच लिया था, अगर वह इस बार भी साइकिल रेस में हारा तो कतई निराश नहीं होगा। पिछली बार की तरह सुबकते हुए घर नहीं आएगा। इसके लिए ना तो साइक्लिंग ट्रैक को और ना ही मौसम को जिम्मेदार ठहराएगा। वह अपनी हार के लिए किसी को बुरा-भला कहकर उसे पीठ पीछे अपमानित भी नहीं करेगा। अपनी हार के सदमे में ना आकर आगे और बेहतर करके जीत का संकल्प लेगा। वह साइकिल रेस को जीवन के लिए एक नया अनुभव और सबक मानेगा। इसी सकारात्मक सोच को मन में संजोकर विजित हर रोज जोश और जज्बे के साथ साइकिल रेस का अभ्यास करता रहा। उसने साइकिल रेस के लिए खुद को काफी अच्छी तरह तैयार कर लिया था।

रेस वाला दिन आ गया। इस बार उसे ना तो घबराहट हो रही थी, ना तनाव और न कोई चिंता। वह निश्चिंत होकर प्रतियोगिता मैदान में आकर बाकी प्रतिभागियों के साथ कतार में खड़ा हो गया। सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिए गए। सीटी बजी, एक-दो-तीन की आवाज के साथ रेस आरंभ हुई। इस बार कमाल हो गया। विजित सबसे आगे था। बड़ी आसानी से विजित ने साइकिल रेस पूरी की। वह प्रथम आया। वह आज बहुत खुशी के साथ ट्रॉफी लेकर घर आया। मम्मी-पापा ने उसे गले लगाया और शाबाशी दी। पापा बोले कि रविवार को उसे अपने साथ शहर के प्रसिद्ध खेल म्यूजियम की सैर कराने ले जाएंगे। रविवार को विजित म्यूजियम गया। उसने वहां पुराने समय के बड़े-बड़े चैंपियंस की फोटोज देखीं, उनसे जुड़ी जानकारी ली, जो उसके लिए बहुत इंस्पायरिंग थी। विजित ने संकल्प लिया, वह भी इनकी तरह खेल की दुनिया में कोई बड़ी जीत हासिल करेगा, अपने देश का गौरव बढ़ाएगा, अपना नाम भी रोशन करेगा। *

कविता

डॉ. कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव



## आओ भैया खेलें खेल

आओ भैया खेलें खेल
चोर-पुलिस हम आओ खेलें
बन राजू एक सिपाही।
मैं इंस्पेक्टर बन जाऊंगी,
इक चोर बनेगी माही।
भैया तुम सरदार बनोगे,
भेजूंगी मैं सबको जेल।
आओ भैया खेलें खेल।
छुपन-छुपाई आओ खेलें,
राजू, माही आएंगे।
सौ तक गिनती बोलोगे तुम,
हम सब तब छुप जाएंगे।
टीप पड़ेगी तुम पर भैया,
कर देंगे हम तुमको फेल।
आओ भैया खेलें खेल।
डॉक्टर-डॉक्टर आओ खेलें,
अब बात सुनो तुम मेरी।
तुम मरीज बन जाना मेरे,
तुम तनिक न करना देरी।
तुमको सुई लगाऊंगी मैं,
मत तुम खाना पूड़ी भेल।
आओ भैया खेलें खेल।
ट्रेन-ट्रेन हम आओ खेलें,
आपस में मिलजुल सारे।
डिब्बे माही, राजू बनकर,
तुम गार्ड लगोगे प्यारे।
इंजन बन नानी घर जाऊं,
कितनी अच्छी अपनी रेल।
आओ भैया खेलें खेल।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे कुछ लड़कों के एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। ये दोनों चित्र भले ही एक जैसे दिख रहे हों, लेकिन इनमें पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढकर बताओ।



**उत्तर:** 1.फुटबॉल पर ब्लैक स्पॉट्स नहीं है। 2.बाईं तरफ के लड़के की स्पोर्ट्स टीशर्ट का प्रिंट अलग है। 3.गोल कीपिंग कर रहे लड़के की टीशर्ट पर नंबर प्रिंट नहीं है। 4.दाहिनी तरफ लाल टीशर्ट पहने लड़के के एक पैर में मोजा नहीं है। 5.बैकग्राउंड में दाहिनी तरफ हरियाली कम दिख रही है।

## गिनकर बताओ

बच्चो, यहां अलग-अलग स्पोर्ट्स में यूज होने वाली बॉल्स के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ कि यहां कौन-सी बॉल कितनी संख्या में है?



## खबर संक्षेप



### छात्राओं को नई शिक्षा नीति से करवाया अवगत

**बाढ़ड़ा।** राजकीय महिला महाविद्यालय बाढ़ड़ा में प्राचार्य सूबेसिंह की अध्यक्षता में महाविद्यालय की स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया,जिसमें महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों ने स्वयं के विभागों की संक्षिप्त जानकारी छात्राओं के साथ सांझा की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मुकेश कुमार ने छात्राओं को दी। इसके अलावा स्टाफ सदस्यों ने महिला सेल, लाइब्रेरी, स्कॉलरशिप, एनएनएस यूनिट, पैलेसमेंट सेल, स्पोट्र्स, एंटी रैगिंग, सांस्कृतिक गतिविधियां, सीखते हुए कमाओ, डे लोंग बाजार, विज्ञान का समाज के बारे में छात्राओं को अवगत करवाया।

### रामचरित्र मानस चौपाई स्पर्धा में सविता प्रथम

**चरखी दादरी।** विद्या विहार शंकर कालोनी में समस्त कॉलोनी निवासियों द्वारा 27 अगस्त से 6 सितंबर तक 11 दिवसीय 9वां श्रीगणेश महोत्सव का शुभारंभ परमपूज्य अर्जुन भगत के कर कमल से किया। गणेश महोत्सव में अर्जुनलाल भगत के सानिध्य में मुख्य यजमान अनिल गर्ग झोझूवाले व मडू गर्ग, शिवचरण गर्ग व उद्योगपति सुनील ऐरन बहुवाला ने सहपरिवार भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना की। श्रीगणेश महोत्सव के प्रथम दिन रामचरित्र मानस चौपाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में सविता रानी ने प्रथम, बिमला बंसल ने द्वितीय और राधा देवी बंसल ने तृतीय स्थान पर प्राप्त किया।

### नाटक के माध्यम से जागरूकता फैलाई

**बवानीखेड़ा।** बी. के. वमावि. बवानी खेड़ा में खंड स्तरीय 'विज्ञान और तकनीकी के मानव जीवन में लाभ' पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अनके बीमारियों की जानकारी दी और नाटक के माध्यम से प्रस्तुत कर जागरूकता फैलाई।

### सीवरेज समस्या के समाधान को लेकर शहरी जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

# भिवानी शहर में सीवरेज व्यवस्था बदहाल कांग्रेस ने सरकार से समाधान की मांग

**सीवरेज समस्या के कारण शहर में हर जगह दुर्गंध एवं गंदगी का अंबार: प्रदीप, भिवानी शहर के लगभग सभी इलाकों में सीवरेज समस्या ले चुकी विकराल रूप: जोगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। जनसमस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी व अन्य।

भिवानी शहर की बदहाल सीवरेज व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने वीरवार को जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) को ज्ञापन सौंपकर इस गंभीर समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग की है। प्रदीप गुलिया जोगी ने आरोप लगाया कि सीवरेज जाम, लीकेज और ब्लॉकेज के कारण शहरवासियों का जीवन दूभर हो गया है। कांग्रेस नेता प्रदीप गुलिया जोगी ने ज्ञापन में बताया कि शहर के लगभग सभी इलाकों में सीवरेज जाम की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्य सडक़ों से लेकर गलियों तक सीवरेज का गंदा पानी बह रहा है। इसके कारण हर तरफ दुर्गंध और गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। गुलिया ने चेतावनी दी कि इस गंदगी से हैजा, डेंगू और टाइफाइड जैसी बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि अगर इस समस्या पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो स्थिति और भी खराब हो सकती है। गुलिया ने मांग की कि जनस्वास्थ्य विभाग जल्द से जल्द सीवरेज लाइनों की सफाई करवाए और लीकेज व ब्लॉकेज की समस्या को स्थायी रूप से ठीक करे, ताकि शहरवासियों को इस मुसीबत से निजात मिल सके। वही कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार शहर की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी कर रही है। गुलिया ने कहा कि इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन और जनस्वास्थ्य विभाग से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार केवल बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर जनता को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। गुलिया ने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज बनकर इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी और तब तक संघर्ष करेगी जब तक इस समस्या का पूरी तरह से समाधान नहीं हो जाता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इस पर कोई कार्रवाई नहीं की, तो कांग्रेस कार्यकर्ता सडक़ों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर राकेश पवार, कृष्ण प्रजापत, शिवकुमार बोस, रॉबिन जोगी, महेंद्र, विजय कुमार, पवन कुमार, सुनील शर्मा, राजू तोगड़िया, मुकेश, राजेश, सोनू, सुभाष, संजय भी साथ रहे।




भिवानी। शहीद भगतसिंह चौक पर वोट अधिकार जन चेतना प्रदर्शन में भाग लेते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## ईवीएम को बैन कर बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- संयुक्त किसान मोर्चा ने 'वोट अधिकार जन चेतना प्रदर्शन' अभियान चलाया

शहीद भगतसिंह चौक पर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा चलाया जा रहा 'वोट अधिकार जन चेतना प्रदर्शन' निरंतर जारी है। प्रदर्शन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा बिहार में चलाई जा रही 'वोट अधिकार यात्रा' के अनुरूप चलाया जा रहा है। गुरूवार को प्रदर्शन का संचालन कमल सिंह प्रधान ने किया। इस अवसर पर मोर्चा संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने बताया कि चुनाव में धांधली करना देशद्रोह है, वर्ष 2014 के बाद राज्यों व केंद्र में जब जब जहां-जहां भाजपा की सरकार बनी है, वह सब चुनाव में धांधली करके अवैध रूप से बनाई गई हैं।

अब से पहले पूरे देश में ईवीएम की मार्फत चुनाव में धांधली किए जाने के सवाल उठ रहे थे, राजधानी से लेकर देश के सभी कोनों से ईवीएम को बैन करने की आवाज बुलंद की जा रही थी, लेकिन केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ने किसी की एक नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि अब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक चुनाव क्षेत्र की वोटर लिस्ट खंगालने के बाद एक ही मकान में 20-50-100 बेनामी वोट बने होने को उजागर किए। बिहार में एसआईआर की मार्फत 65 लाख वोट काटकर चुनाव आयोग व सरकार ने सारी हदें पार कर दी है, इन्हीं मुद्दों को लेकर भिवानी के भगत सिंह चौक से भी संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा बिहार में चल रही राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा के साथ सुर मिलाते हुए आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि चुनाव एवं वोट में धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से एडवोकेट सोमवीर शेषमा, जयप्रकाश दलाल, उमेद सिंह घनघस, हरपाल सांगवान, प्रोफेसर केपी सांगवान, एडवोकेट मनोज कुमार दरियापुर की भागीदारी रही। प्रदर्शन हररोज शाम को छह से साढ़े सात बजे तक किया जाता है।

## बीईओ ने तैयारियों का जायजा लिया

- कारीधारणी स्कूल में बीईओ ने की खिलाड़ियों से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढ़ड़ा



बाढ़ड़ा। गांव कारी धारणी के खेल मैदान में खिलाडि़यों से मिलते खंड शिक्षा अधिकारी जलकरण। फोटो: हरिभूमि

खंड शिक्षा अधिकारी बाढ़ड़ा जलकरण ने कहा कि खेल बच्चे के विकास और वृद्धि का अनिवार्य हिस्सा हैं, ये शरीर के मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक तंदुरुस्ती को विकसित करने में मदद करते हैं। एक छात्र खेलकूद में भाग लेने से विभिन्न क्षमताएं, अनुभव और विश्वास प्राप्त करता है, जो उसके व्यक्तित्व के विकास में मदद करते हैं, ये आज राजकीय वमा विद्यालय कारी धारणी के खेल ग्राउंड में अंडर 14 व 17 खो खो टीम की तैयारियो में जुटे हुए विद्यार्थियों से मुलाकात कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने आगामी बड़ी स्पर्धा के लिए रामचंद्र पीटीआई की देखरेख में खेल का अभ्यास करने के लिए जुटे हुए खिलाड़ियों की तैयारियों का जायजा लिया व उनकी हौसला अफजाई कर खेल को पूरी ईमानदारी व मेहनत से खेलने के लिए प्रेरित किया।

खंड समन्वयक सुंदरपाल फौगाट ने कहा कि खेल हमें दृढ़ता एवं कड़ी मेहनत का गुण सिखाते हैं। इसके अलावा ये हमारे टीम वर्क कौशल को भी निखारते हैं, जिसे महत्वपूर्ण गुण माना जाता है। जब हम एक टीम के रूप में काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं, तो जीत हमेशा हमारी पहुंच में होती है।

इस अवसर पर प्रवक्ता अनिल सिंधु, डॉ. मनोज, शमशेर सिंह, कुलदीप सिंह व बबीता आदि उपस्थित थे।

## बुजुर्ग एथलीट शर्मा ने लगाई मेडलों की झड़ी

- सरकार से नहीं अभी तक सहयोग: रामकिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढ़ड़ा




अंतरराष्ट्रीय धावक रामकिशन शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शर्तों और नियमावली में बदलाव कर वृद्ध खिलाड़ियों को सरकारी मदद देने की व्यवस्था करने की मांग की है। भांडवा गांव निवासी रामकिशन शर्मा ने खेल क्षेत्र में बीस वर्षों से सक्रिय रहते हुए अब तक 280 मेडल जीते हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छह गोल्ड मेडल, राष्ट्रीय स्तर पर 154 गोल्ड और 27 सिल्वर पदक शामिल हैं। प्रदेश सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग की भर्ती परीक्षा में भी उनकी उपलब्धियों पर आधारित प्रश्न शामिल किए थे। खिलाड़ी रामकिशन शर्मा ने कहा कि वृद्ध होने के बाद भी सरकार की ओर से उन्हें अब तक कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है। इस बीच सांसद कार्तिकेय शर्मा ने रामकिशन को राष्ट्रपति पदक के लिए सिफारिश करने का निर्णय लिया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से भी वरिष्ठ खिलाडिय़ों को उचित स6मान और सहायता देने की अपील की है। अपना कारोबार छोड़कर जीवन को खेल के प्रति समर्पित कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने वाले व युवाओं के प्रेरणास्त्रोत खिलाड़ी रामकिशन शर्मा को सरकारी सहायता प्राप्त नहीं हुई हैं। वे खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने अपने खर्चे से जाते हैं। 73 वर्षीय रामकिशन शर्मा दौड़, बाधा दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट आदि प्रतिस्पर्धाओं में कुल 280 मेडल हासिल कर चुके हैं।

**राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति से सम्मान पाने की इच्छा**

शर्मा ने बताया कि उनकी तमन्ना है कि राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति उन्हें सम्मानित करें, ताकि वे प्रोत्साहित होकर अपने खेल को जारी रख सके और देश व प्रदेश के लिए और मेडल हासिल कर सके। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि वह काफी समय से नशा मुक्ति से जुड़े हैं. हालांकि उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जितनी उन्होंने मेहनत की है, उतना उन्हें सम्मान नहीं मिला।

### ढाणा रोड पर गार्डन के सामने हादसों को न्योता दे रहा खुला पड़ा बरसाती नाला



**भिवानी।** दादरी गेट से ढाना रोड पर शांति गार्डन के सामने नगर परिषद का बरसाती नाला अब लोगों की जान के लिए खतरा बन गया है। इस नाले पर ढक्कन लगाने का काम अधूरा छोड़ दिया गया, जिसके चलते यहां एक बड़ा खड्डा बन चुका है। पिछले एक हफ्ते से यह खड्डा और ज्यादा चौड़ा हो गया है और अब यह मौत का कारण बनकर खड़ा है। वीरवार को एक बुजुर्ग इसी खड्डे में गिर गया, जिसे स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। गनीमत रही कि जान बच गई, लेकिन हादसे ने प्रशासन की नींद खोल दी। इस समस्या के बारे में सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सैनी वमुस्लिम खिदमत सोसाइटी भिवानी के प्रधान जोरावर अली ने भी ने कहा कि नगर परिषद को इस खड्डे के बारे में पूरी जानकारी है, लेकिन अधिकारी सोए हुए हैं और कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठा रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### कराटे में निहारिका ने जीता कांस्य पदक

**भिवानी।** कुरुक्षेत्र में 27 अगस्त को आयोजित हुई राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में स्थानीय महम गेट स्थित पंडित सीताराम शास्त्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा निहारिका ने कांस्य पदक जीतकर खेल नगरी भिवानी का मान बढ़ाया है। वीरवार को पदक विजेता निहारिका का स्कूल में भव्य स्वागत किया गया। स्कूल पहुंचने पर प्राचार्या सोनिया कौशिक ने निहारिका को तिलक लगाकर और फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उनके चेहरे पर गर्व की चमक साफ दिखाई दे रही थी। प्राचार्या सोनिया कौशिक ने निहारिका के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की और कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रही हैं, बस उन्हें मौका मिलने की जरूरत है।



### सहायक सचिव बिमला व अधीक्षक मनीराम को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित

**भिवानी।** ऑफिसर एसोसिएशन हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 31 अगस्त को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सहायक सचिव बिमला देवी व अधीक्षक मनीराम को कार्यक्रम में सम्मानित किया। ऑफिसर एसोसिएशन, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने दोनों अधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ऑफिसर एसो. के महासचिव विजेन्द्र सिंह पांचाल ने बताया कि बिमला देवी सहायक सचिव ने लगभग 35 वर्ष एवं अधीक्षक मनीराम ने लगभग 34 वर्ष की सफल सेवा के बाद बोर्ड से सेवानिवृत हुए। उन्होंने बिमला व मनीराम के कार्य व उनके व्यवहार की भूरी-भूरी प्रशंसा की। दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा उन्हें जो सम्मान दिया, वह अविस्मरणीय रहेगा। दोनों अधिकारियों ने अपने अनुभव और कार्यकुशलता को सांझा किया। इस अवसर पर ऑफिसर एसोसिएशन के सलाहकार कुलदीप रेढ़ू, वरिष्ठ उपप्रधान रामकुमार, उपप्रधान बहादुर सिंह वर्मा, सचिव संतोष, संयुक्त सचिव राकेश कुमारी, ऑडिटर राकेश राय, अनिल रोहिल्ला, हरिराम,राजेश गुप्ता, पवनजीत, कुरड़ाराम आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

- अतिवृष्टि से बर्बाद हुई फसलों की मुआवजे की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू



संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले लोहारू में किसान हित की मांगों को लेकर चले अनिश्चितकालीन महापड़ाव में पहुंचे किसानों ने सरकार से अतिवृष्टि के कारण हुए नुकसान का आंकलन कर पीड़ित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने एसडीएम मनोज दलाल को ज्ञापन सौंपा और नारेबाजी की।

एसडीएम ने किसानों को समुचित भरोसा भी दिया है। गुरुवार को अनिश्चितकालीन महापड़ाव की मांगेराम नूनसर, सतबीर, अमर, प्रीतम झुप्पा ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता की तथा मंच संचालन धर्मपाल बारवास, कर्ण सिंह और मास्टर उमराव ने किया। किसान नेता दयानंद पूनिया ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बरसात ने किसानों की कपास, मूंग, ग्वार और बाजरे की फसलों में भारी नुक़सान हुआ है। सरकार चाहिए वह किसानों को हुए नुकसान का आंकलन कर उन्हें समुचित मुआवजा प्रदान करे। इस मांग को लेकर किसानों ने एसडीएम लोहारू मनोज दलाल के माध्यम से उपायुक्त भिवानी ज्ञापन प्रेषित किया है। दयानंद पूनिया ने कहा कि मौजूदा सरकार खेती और किसानी को तबाह करने पर तुली हुई है। महापड़ाव में कप्तान इंद्राज, हवा सिंह जांगड़ा ओबरा, ओम प्रकाश नंबरदार पाजू, शेर सिंह झांझड़ा हसन पुर, मास्टर दयानंद दमकौरा, मनफूल सिंह, सुरेश फरटिया, सुमेर सिंह, मास्टर राम कुमार ढिल्लों, हवा सिंह, मुकेश नंबरदार, मंदरुप यादव नूनसर आदि मौजूद रहे।

**नप पार्षदों के प्रयासों की वजह से हुडा ने जारी किया टेंडर**

# दुधिया रोशनी में नहाएगा जिमखाना क्लब

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। जिमखाना क्लब में काम करते कारीगर। फोटो: हरिभूमि

अब जल्द ही शहर के लोगों को सुविधाओं से लबालब जिमखाना क्लब मिलने जा रहा है। विगत में नगर परिषद के पार्षदों की बार बार प्रयासों के बावजूद हुडा ने जिम खाना क्लब को तैयार करने के लिए करीब साढे करोड़ रुपये का बजट जारी किया था। जो कि राशि पहुंचने के बाद क्लब के निर्माण कार्य ने गति पकड़ी हुई है।

अब नगरपरिषद के पार्षद संदीप यादव व सुभाष तंवर के बार बार प्रयासों के बाद अब जिम खाना क्लब में दुधिया रोशनी वाली लाइटें लगवाई जाएगी। इतना ही नहीं कि जिम खाना क्लब को ऐतिहासिक स्वरूप दिलाए जाने के लिए आधुनिक लाइटें व अन्य बिजली के उपकरण लगवाए जाएंगे। जिसके लिए हुडा ने करीब एक करोड़ पांच लाख रुपये के बजट का टेंडर जारी कर दिया। टेंडर जारी होते ही क्लब में बिजली के पोल से लेकर एसी तक की सुविधाओं से लैस कर दिया जाएगा।

**भिवानी में जिमखाना क्लब की कमी होगी पूरी**

पार्षद संदीप यादव ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में जिमखाना क्लब खुले हुए है। उनमें विवाह शादियों से लेकर पार्टियों तक आयोजन आराम से किया जा सकता है। जिमखाना क्लब में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए सरकार की तरफ से सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। अब से पहले भिवानी में यह सुविधा नहीं थी। विगत में भिवानी के सेक्टर 13 के पास सरकार ने इस भवन का निर्माण कार्य तो शुरू करवा दिया था,लेकिन किसी तकनीकी अड़चन के चलते जिमखाना क्लब का निर्माण कार्य अटक गया था। कई वर्षों तक इसका निर्माण कार्य अटका रहा। पार्षद संदीप यादव ने बताया कि वे इसके निर्माण कार्य पूरा करवाए जाने को लेकर बार बार हुडा के कार्यकारी अभियंता के कार्यालय के चक्कर लगाते रहे। काफी प्रयासों के बाद हुडा की तरफ से निर्माण कार्य पूरा करवाए जाने का बजट जारी किया। अब इसका निर्माण कार्य जारी है।

### स्वच्छता अभियान शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य प्रो. त्रिलोक चंद की अध्यक्षता एवं एनसीसीएन एन ओ कैप्टन सविता व एनएसएस प्रो. अधिकारी प्रो. मंजू एवं डॉ. रेनू बाला के निर्देशन में स्वच्छता अभियान शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ लेने के साथ की गई। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखेंगे, कूड़ा–कचरा इधर–उधर नहीं फैलाएँगे तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।